मध्य प्रदेश में निजी क्षेत्र द्वारा पन विद्युत परियोजनाओं का पूरा किया जाना

2734. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **विद्युत मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश सरकार द्वारापन विद्युत परियोजनाओं को निजी क्षेत्र की इकाइयों से पूरा करवाने के लिए भेजे गए प्रस्तावों की संख्या कितनी है ;

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक स्वीकृत किए गए प्रस्तावों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी स्वीकृति दी जानी है;

(ग) प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किए जाने में हो रहे विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या अनिवासी भारतीयों ने इस सम्बन्ध में सरकार को कोई प्रस्ताव भेजे हैं ; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है तथा क्या उन प्रस्तावों को स्वीकृति देने के लिए कोई विशेष कदम उठाए जा रहे हैं ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की कम्पनियों को निम्नलिखित जल विद्युत परियोजनाओं का क्रियान्वयन सौंपा गया है :—

(1) महेश्वर जल विद्युत परियोजना (10×40 मे० वा०)

(2) तवा जल विद्युत परियोजना (2×6 मे० वा०)

(ख) महेश्वर जल विद्युत परियोजना को नवम्बर, 1993 में कुछ शर्तों के अधीन केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है । तवा जल विद्युत परियोजना के लिए स्वीकृति पर विचार प्रवर्तकों द्वारा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद किया जायेगा ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में बिजली की प्रति व्यक्ति खपत

2735. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जून, 1993 की स्थिति के अनुसार प्रत्येक राज्य में, विशेषत: उत्तर प्रदेश में, प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति बिजली की खपत कितनी थी ;

(ख) उत्तर प्रदेश में बिजली की खपत की तुलना में इसकी कम आपूर्ति के क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय स्तर के समनुरूप लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं / उठाए जाने का विचार है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) वर्ष 1992–93 के दौरान विद्युत का राज्य-वार प्रति व्यक्ति खपत सम्बन्धी ब्यौरा-विवरण में दिया गया है **(नीचे देखिए)** वर्ष 1993–94 के लिए इसी प्रकार की सूचना जिसमें जून 30, 1993 भी शामिल है, अभी तक सकलित नहीं की गई है ।

(ख) उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की वास्तविक स्थिति निम्नलिखित है :—

	अवधि अप्रैल, 1993–जनवरी 1994 (आंकड़े मि0 यू0 निवल में)
आवश्यकता .	27785
उपलब्धता .	25014
कमी . .	2771
प्रतिशतता .	10.6